प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

" मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए नहीं बल्कि मानवीय आधार पर लिया ओ.पी.एस. देने का फैसला।
- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में विपक्षी दल भाजपा ने विधानसभा से किया वाकआउट।
- प्रदेश के सभी नगर निगमों में पांच साल होगा मेयर व डिप्टी मेयर का कार्यकाल–विधानसभा में नगर निगम संशोधन विधेयक ध्वनिमत से पारित।
- भाजपा ने धर्मशाला में कांग्रेस सरकार की नाकामियों के विरोध में किया धरना प्रदर्शन–तीन साल के कार्यकाल को विफल करार दिया।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा–एक भारत श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण से देश की एकता व अखंडता होगी सुदृढ़।

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि ओ.पी.एस. लागू करने के कारण प्रदेश के खजाने पर विपरीत असर पड़ा है। इसके बावजूद सरकार ने एक लाख 36 हजार कर्मचारियों को ओपीएस लागू किया है और यह फैसला राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए नहीं, बल्कि मानवीय आधार पर लिया गया है ताकि सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी एक सम्मानजनक जीवन जी सके। धर्मशाला में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने इस फैसले को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि इसके कारण केंद्र सरकार ने हिमाचल की हर साल अतिरिक्त कर्ज लेने की सीमा एक हजार 6 सौ करोड़ रुपए कम कर दी है, जिससे प्रदेश की वित्तीय स्थिति खराब हुई है। उन्होंने कहा कि अभी तक कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से राज्य में 26 हजार 3 सौ 24 कर्मचारी व अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जिनमें से 5 हजार 3 सौ 56 को ओपीएस दे दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों और अधिकारियों का एनपीएस का लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का हिस्सा केंद्र सरकार के पास जमा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस पैसे को हासिल करने के लिए प्रयासरत है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस मामले में सरकार पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। विधायक रणधीर शर्मा के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने किसी भी विभाग का कार्यालय शिमला से बाहर शिफ्ट नहीं किया है। केवल आयोग व निगम के कार्यालय बदले गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने शिमला शहर में भीड़भाड़ कम करने के लिए 7 कार्यालयों को शिमला से बाहर शिफ्ट किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह निर्णय किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने या किसी कर्मचारी को सजा देने के लिए नहीं लिया है। इसका मकसद केवल शिमला शहर की भीड़ को कम करना है। विधायक केवल सिंह पठानिया के मूल और सतपाल सिंह सत्ती व बलवीर वर्मा के अनुपूरक सवालों के जवाब में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में चालू सीवरेज प्रोजेक्टों का काम पूरा करने के लिए एकमुश्त धन आवंटन करना सरकार के समक्ष चुनौती बन गया है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों की वजह से इन प्रोजेक्टों को एक साथ करोड़ों की रकम जारी करना मुश्किल है। लिहाजा विधायकों को अपने–अपने इलाकों की सीवरेज परियोजनाओं को विधायक क्षेत्र प्राथमिकता में शामिल करना चाहिए। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में 7 सौ 42 करोड़ के सीवरेज प्रोजेक्टों का कार्य चल रहा है।

प्वाइंट ऑफ आर्डर

छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में विपक्षी दल भाजपा ने आज विधानसभा से वाकआउट किया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रश्नकाल के तुरंत बाद प्वाइंट ऑफ आर्डर के माध्यम से यह मामला उठाते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता–––

धर्मशाला के तपोवन में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान आज विपक्षी दल भाजपा ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर बीते रोज हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में सदन से वाकआउट किया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रश्नकाल समाप्त होते ही प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के माध्यम से यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि एसडीएम धर्मशाला ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को टैक्सी स्टैंड से जोरावर स्टेडियम तक विरोध मार्च की अनुमति दी थी, जिसकी सूचना संबंधित एसएचओ को भी दे दी गई थी। इसके बावजूद पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर सदन को गुमराह करने का भी आरोप लगाया और कहा कि भाजपा विधायक दल इस घटना के विरोध में सदन से वॉकआउट कर रहा है। इस दौरान  विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने कल भी सदन में स्पष्ट किया था कि विद्यार्थी परिषद को केवल विरोध मार्च की अनुमति थी, न कि धरना या रैली की। वहीं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विपक्ष के वाकआउट को राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश बताते हुए इसकी निंदा की। उन्होंने कहा कि वास्तव में भाजपा विधायक अपनी पार्टी की रैली में जाना चाहते थे, इसलिए विद्यार्थी परिषद के साथ हुई कथित पुलिस झड़प को बहाना बनाया गया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी परिषद को टैक्सी स्टैंड से जोरावर स्टेडियम तक मार्च की अनुमति दी गई थी, लेकिन कार्यकर्ता विधानसभा की ओर बढ़ने लगे और बैरिकेड्स तोड़ दिए। इसी दौरान उनकी पुलिस से झड़प हुई और उन पर हल्का बल प्रयोग किया गया।

## संशोधन विधेयक

प्रदेश के सभी नगर निगमों में अब मेयर और डिप्टी मेयर का कार्यकाल पांच साल होगा। मेयर और डिप्टी मेयर का कार्यकाल बढ़ाने से जुड़े नगर निगम संशोधन विधेयक को आज विधानसभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विपक्ष की गैरमौजूदगी में इस संशोधन विधेयक को चर्चा व पारण के लिए सदन में रखा गया था। शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इसे पारण के लिए सदन में प्रस्तुत किया। संशोधन विधेयक के प्रावधानों के मुताबिक महापौर और उप महापौर की पदावधि उनके चुनाव की तारीख से पांच साल की होगी। विक्रमादित्य सिंह ने हिमाचल प्रदेश नगर पालिका संशोधन विधेयक भी सदन में पारण के लिए प्रस्तुत किया।

## भाजपा प्रदर्शन

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नाकामियों के विरोध में आज जोरावर स्टेडियम धर्मशाला में धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में पार्टी प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्तायों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर झूठ बोलकर सत्ता हासिल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आपदा के समय हिमाचल को भरपूर आर्थिक मदद दी लेकिन कांग्रेस ने केवल राजनीति ही की है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने अपने संबोधन में कहा कि ये एक रैली नहीं बल्कि कांग्रेस के कुशासन के खिलाफ जन आक्रोश का विस्फोट है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस ने पूरे हिमाचल की व्यवस्था का पतन कर दिया है।

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार पहले दिन से ही हिमाचल के हितों के बेचने के मिशन पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि तीन साल के कार्यकाल में इस सरकार के पास बताने के लिए एक भी योजना नहीं है। इसके विपरीत पूर्व भाजपा सरकार द्वारा चलाई गई दर्जनों योजनाओं को बंद कर दिया गया। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार से समाज का हर वर्ग हताश व निराश है।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला में नागालैंड और असम के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश में रहने वाले इन राज्यों के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत की वास्तविक ताकत इसकी एकता और विविधता में निहित है। राज्यपाल ने

कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के दृष्टिकोण से देश की एकता व अखंडता और सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल आपसी संबंधों को मजबूत बनाते हैं, बल्कि देश की जीवंत सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखने का अवसर भी प्रदान करते हैं। राज्यपाल ने असम और नागालैंड के लोगों को हिमाचली टोपी और शॉल भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उपस्थित थीं।

आइस स्केटिंग

राजधानी शिमला के लक्कड़ बाजार स्थित ऐतिहासिक प्राकृतिक आइस स्केटिंग रिंक में आज से स्केटिंग के सत्र शुरू हो गए हैं। शिमला आइस स्केटिंग क्लब के महासचिव रजत मल्होत्रा ने बताया कि आज सुबह स्केटिंग का पहला सत्र करवाया गया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार एक सप्ताह पहले स्केटिंग शुरू हो गई है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए नहीं बल्कि मानवीय आधार पर लिया ओ.पी.एस. देने का फैसला।
- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में विपक्षी दल भाजपा ने विधानसभा से किया वाकआउट।
- प्रदेश के सभी नगर निगमों में पांच साल होगा मेयर व डिप्टी मेयर का कार्यकाल–विधानसभा में नगर निगम संशोधन विधेयक ध्वनिमत से पारित।
- भाजपा ने धर्मशाला में कांग्रेस सरकार की नाकामियों के विरोध में किया धरना प्रदर्शन–तीन साल के कार्यकाल को विफल करार दिया।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा–एक भारत श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण से देश की एकता व अखंडता होगी सुदृढ़।